तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 10 जनवरी 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 शहर के लिए अवैध अतिक्रमण बने बड़ी चुनौती



## खबर संक्षेप

### हिंदी दिवस पर ट्रेड यूनियन कौंसिल का व्याख्यान आज

**अंबिकापुर।** ट्रेड यूनियन कौंसिल द्वारा 10 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। कौंसिल के प्रांताध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर शाम 5.30 से 7.30 बजे तक स्टेडियम ग्राउंड दुर्गा मंदिर के समीप स्थित भारतेन्दु हरिश्चंद्र हॉल में हिंदी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। इस व्याख्यान में महाविद्यालय के हिंदी विषय से प्राध्यापक डॉ. विश्वासी एक्का, डॉ. राम आशीष तिवारी, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. नीलाभ कुमार, डॉ. कामिनी सिंह शामिल होने। उन्होंने बताया कि व्याख्यान में हिन्दी भाषा और न्यायालयीन निर्णय, उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के निर्णय हिन्दी भाषा में रहने से पक्षकारों को सुविधा होगी। हिन्दी भाषा और अनुबंध पत्र, बैंक, इंश्योरेंस कंपनी, प्राइवेट कम्पनी तथा शासकीय दस्तावेज हिन्दी भाषा में निष्पादित होने से नागरिकों को व्यावहारिक लाभ होगा, हिन्दी भाषा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं, यूपीएससी, पीएससी, आईआईटी नीट, केट, अन्य परीक्षाएं हिन्दी भाषा में आयोजित होने से छात्रों को सहूलियत होगी। अन्य राष्ट्रों में उनकी मातृभाषा की कार्य स्थिति सहित अन्य विषयों को शामिल किया गया है।

### मकर संक्रांति पर होगा पतंग उत्सव

**अम्बिकापुर।** मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को शहर में वृहद पतंग उत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। सरगुजा सेवा समिति द्वारा शहर में पतंग उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। जिसमे शहर के सभी वर्ग के उत्साही भाग लेते है। समिति द्वारा इस वर्ष भी पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है। यह उत्सव स्थानीय गांधी स्टेडियम में 14 जनवरी की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न होगा। आयोजन एक प्रतियोगिता के रूप में होगा है जिसमे पतंग के आकर्षण व पतंग के काटने पर विजेता का चयन किया जाएगा। समिति द्वारा विजेता के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से गई बाइक सवार की जान

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली निवासी ब्रज उर्फ ब्रिजलाल आ. रामबरन (40 वर्ष) गत दिन ग्राम नवगई दशक्रम में शामिल होकर अकेले घर वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## मुख्यमंत्री ने बिंझिया समाज के सम्मेलन में दी करोड़ों की सौगात

# पिछली सरकार ने राज्य को लाद दिया कर्ज से लेकिन हमारी नीति व नीयत साफ : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/मानीचौक

**खास बातें**
- कहा-पीएम की सहृदयता से मिला बिंझिया समेत 12 जातियों को जनजाति का दर्जा
- सीएम ने की मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहृदयता से बिंझिया जाति सहित 12 जातियों को जनजाति का दर्जा मिला। वर्षों से बिंझिया समाज जनजाति का दर्जा प्रदान करने के लिए मांग कर रहा था। मांग के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए प्रधानमंत्री ने बिंझिया समाज सहित बारह जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किया, जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिला। आज बहुत खुशी है कि बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बन रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल रहा है।

सीएम श्री साय जिले के जयनगर अंतर्गत जमदेई में अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान पहली बार पहुंचे आदिवासी सीएम का बिंझिया समाज के अतिरिक्त संवरा, धागड़, गोड, धनुहार, भुईया, पन्डो, खेरवार, अमनित, कोडा, बिरजिया देहारी कोरवा, सनसारी उरांव, चिक-चिकवा, मलार, अगरिया इत्यादि जनजाति समुदाय ने परम्परागत रूप से स्वागत किया। इसके साथ ही सीएम ने जिले को 30 करोड़ 7 लाख रू के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। सीएम ने कहा कि पिछली सरकार ने बहुत ज्यादा कर्ज से राज्य को लाद दिया है लेकिन हमारी नीति और नीयत सही है। हम सभी के हित में काम करेंगे। सरगुजा संभाग में मिले व्यापक जनसमर्थन को देखते हुए सरगुजा संभाग से तीन मंत्री बने हैं। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना शुरू की। जिसके कारण लोगों को भूखे पेट नहीं रहना पड़ा, सभी को भोजन मिला डॉ. रमन सिंह जी चाउर वाले बाबा कहलाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मोदी की गारंटी में किए गए हर वायदे को पूरा करेंगे। हमने शपथ ग्रहण करने के बाद केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की स्वीकृति का ऐतिहासिक निर्णय लेकर मोदी की गारंटी को पूरा करने की शुरूआत की। दूसरा वायदा पूरा करते हुए सुशासन दिवस के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस की 3716 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया। किसानों के धान को 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रहे हैं। श्री साय ने कहा कि जो किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके है, उन्हें अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। सीएम श्री साय ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद हमने 25 दिनों के भीतर ही पीएससी के घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। विवाहित माताओं को सालाना 12000 रुपए देने की महतारी वंदन योजना शुरू करेंगे, गरीबों को 500 में गैस सिलेंडर, गरीब भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रुपए प्रति मानक बोरा के मान से की जाएगी। वनवासी भाईयों के हित में सब काम होंगे, एक लाख से ज्यादा बैकलॉग के पद खाली हैं उन्हें भी जल्दी ही भरेंगे। इस दौरान कार्यक्रम में विधायक भूलन सिंह मरावी, श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक श्रीमती शकुन्तला पोर्ते, पूर्व विधायक राम सेवक पैकरा, पूर्व सांसद कमल भान सिंह,पूर्व विधायक रजनी रविशंकर त्रिपाठी, बिंझिया समाज के अध्यक्ष भुवाल सिंह सिरदार, भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, संभागायुक्त जीआर चुरेन्द्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर रोहित व्यास, एसपी आई कल्याण एलिसेला सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



मंच से अभिवादन स्वीकार करते सीएम विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अन्य।

### सरगुजा अंचल ने रचा इतिहास : डॉ. रमन

आज प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाकर सरगुजा अंचल ने एक इतिहास रचा है। यहां की जनता ने जो आशीर्वाद दिया और आज सरगुजा का बेटा प्रदेश का मुखिया बना है, यह गर्व की बात है। डॉ. सिंह ने कहा हमारे कार्यकाल में बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के मात्रात्मक त्रुटि के निराकरण करने के लिए विशेष प्रयास किए थे और उसी का परिणाम रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में इन वर्गों के साथ न्याय करते हुए इन जातियों को अनुसूचित जनजातियों की सूची में शामिल किया। इस फैसले से जनजातियों के लगभग 25 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। मात्रात्मक त्रुटि के कारण बिंझिया समाज के लोगों को जनजातियों को मिलने वाले लाभ नहीं मिल पा रहे थे। डॉ. सिंह ने कहा कि बिंझिया समाज द्वारा आज ऐतिहासिक आयोजन किया गया।

### पुलिया व सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कार्यक्रम के दौरान विधायक व स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर अनेकों घोषणाएं की है। सीएम ने मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए, देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति, 50 सीटर बालिका छात्रावास की मंजूरी तथा जमदेई में 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति की घोषणा की।

### जब सीएम ने खुद बच्चों के लिए काटा केक



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए विभिन्न योजनाओं के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान जैसे ही वे महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल पर पहुंचे तो उनकी नजर यहां हाथ में केक लेकर खड़े कुछ बच्चों पर पड़ी। सीएम ने उन बच्चों से पुछा कि आज किसका जन्मदिन है। ऐसे में बच्चों ने उन्हें जो जवाब दिया उससे सीएम इतने प्रभावित हुए है कि उन्होंने खुद ही बच्चों के लिए अपने हाथों से केक काटा और उन्हें खिलाया भी। दरअसल सूरजपुर जिले के तीन बच्चे आकाश, रिहान और रिशांक की गिनती कुपोषित बच्चों में थी और उनकी हालत बेहद खराब थी। ऐसे में महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजना का लाभ देते हुए इन बच्चों को सुपोषित आहार देना शुरू किया गया। आंगनबाड़ी से बच्चों को रेडी टू ईट और गर्म पोषण युक्त भोजन मिला जिससे ये तीनों कुपोषण को मात दे सके और खुद को एक नया जीवन देते हुए सुपोषित हुए। तीनों ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें शासन की योजनाओं से नया जीवन मिला है और इसके लिए वो रेडी टू ईट का बना केक लेकर आए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने इन बच्चों को खूब आशीर्वाद दिया और मुख्यमंत्री ने खुद केक काटते हुए अपने हाथों से बच्चों को खिलाया।

### सीएम ने किया सामग्री का वितरण



कार्यक्रम के दौरान सीएम ने विभिन्न हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। सीएम की मौजूदगी में मछली पालन विभाग से 5 लोगों को आइस बॉक्स, 5 लोगों को मछली जाल प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग से बीना देवांगन को निःशक्त विवाह प्रोत्साहन राशि दी गई इसके अलावा विभाग द्वारा 1 ट्राई साइकिल और 3 मोटराइज्ड साइकिल प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 लोगों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। उद्यान विभाग द्वारा 5 लोगों को मिर्ची बीज का वितरण किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया।

# मौसम में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव, तेजी से आगे बढ़ रहा नया विक्षोभ

**अम्बिकापुर।** मौसम में चल रहे उतार-चढ़ाव से फिलहाल राहत मिलने की संभावना नहीं है। एक नया पछुआ विक्षोभ तेजी से पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है जिसके प्रभाव से 3-4 दिनों के बाद एक बार फिर से मौसम में बदलाव आने की संभावना है।

हाल में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से उत्तर की हवाओं का प्रवाह शुरू हो गया है लेकिन इससे मौसम में लम्बे समय से चल रहे उतार-चढ़ाव पर कोई खास प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी सर्द हवाओं के प्रभाव से रात के तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के साथ मौसम के यथावत बने रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि पूर्व में सक्रिय पछुआ विक्षोभ अब कमजोर पड़ गया है तथा उत्तर की हवाओं का प्रवाह भी शुरू हो गया है। वर्तमान में एक नया पछुआ विक्षोभ तेजी से पूर्वोत्तर की ओर अग्रसर है जिसका प्रभाव 3-4 दिन बाद उत्तर छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। इसके साथ ही पश्चिमी हरियाणा के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। मौसम के दोनों घटकों के संयुक्त प्रभाव से 3-4 दिन बाद फिर से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना है। मौसम साफ होने के बाद मंगलवार को दिन के तापमान में 5.0 डिग्री वहीं रात के तापमान 1.9 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 23.1 डिग्री से सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

# स्कूल वैन को यात्री बस ने मारी टक्कर, चालक घायल





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- वैन में नहीं थे बच्चे, हो सकती थी बड़ी घटना

मंगलवार को स्कूल वैन व यात्री बस में जोरदार भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि स्कूल वैन में बच्चे सवार नहीं थे अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में वैन चालक को चोट आई है। घटना के बाद घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौता होने की बात कही जा रही है और अब तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस घटना ने एक बार फिर से स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि एक निजी स्कूल की वैन मंगलवार की सुबह बच्चों को लेने के लिए गांव की तरफ गई हुई थी। इस दौरान मैनपाट की तराई में बसे गांव चैनपुर में सुबह लगभग साढ़े नौ बजे विपरीत दिशा से आ रहे ताज बाबा बस क्रमांक सीजी 13 एके 4197 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना का मुख्य कारण तेज गति व चालक की लापरवाही है। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त वैन में छात्र छात्राएं मौजूद नहीं थे अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था और इस लापरवाही का बड़ा खामियाजा चुकाना पड़ता। हालांकि घटना में वैन चालक घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में चालक को छुट्टी दे दी गई। इस घटना के बाद यात्री बस व वैन संचालक के बीच समझौता होने की बात कही जा रही है। ऐसे में अब तक फिलहाल मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की गई है लेकिन इस घटना ने एक बार फिर से बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। स्कूल वैन व बस चालक दोनों ही वाहन चलाते समय लापरवाह थे और यह घटना हुई। इसके साथ ही वैन में भी बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा जाली व अन्य उपाय नहीं किए गए थे।



# ढाबा संचालक के पुत्रों ने की लाइनमैन के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- विधायक से शिकायत, आरोपियों को बचाने का लगाया आरोप

कर्मचारी से मामूली विवाद पर ढाबा संचालक के पुत्रों ने विद्युत विभाग के लाइनमैन की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से घायल लाइनमैन ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। वहीं शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के साथ ही इसकी शिकायत विधायक से की है। विद्युत विभाग में पदस्थ लाइनमैन गुतुरमा सरईपारा निवासी मनोज कुमार कंवर का आरोप है कि गुतुरमा बस स्टैंड में ढाबा संचालक के पुत्र दीपक गुप्ता व रोकी गुप्ता ने उसके साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि घटना के एक रात पूर्व लाइनमैन मनोज कुमार कंवर से ढाबा का कर्मचारी ललित सिंह शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर रहा था। लाइनमैन ने कर्मचारी को शराब पीने के लिए 100 रुपए दिए। महज सौ रुपए दिए जाने से कर्मचारी ललित सिंह नाराज हो गया व और सौ रुपए की मांग करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आक्रोश में लाइनमैन मनोज कुमार ने कर्मचारी को कह दिया कि वह उसी सौ रुपए में से 50 रुपए की शराब पी ले और बाकी के 50 रुपए का कफन खरीदकर अपने मालिक को दे देना। लाइनमैन द्वारा कही गई इस बात को कर्मचारी ने ढाबा संचालक को दी। लाइनमैन द्वारा की गई टिपण्णी से नाराज होकर ढाबा संचालक के पुत्र नाराज थे। इसी बीच जब ढाबा संचालक के पुत्रों की नजर लाइनमैन पर पड़ी तो उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में लाइनमैन को गंभीर रूप से चोटें आई है। आरोप है कि लाइनमैन जब घटना की शिकायत लेकर थाने पंहुचा तो पुलिस ने एफआईआर लिखने के बजाए उसपर समझौता करने का दबाव बनाया। जब लाइनमैन समझौता करने के लिए तैयार नहीं हुआ तो ढाबा संचालक के पुत्रों को बुलाकर उनकी ओर से भी काउंटर अपराध दर्ज करा दिया गया। इस घटना के बाद लाइनमैन के साथ ही स्थानीय लोगों ने आज घटना की शिकायत विधायक राम कुमार टोप्पो से की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह काउंटर अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की। विधायक ने ग्रामीणों की शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई कराने व उचित सहयोग का आश्वासन दिया।

इस संबंध में थाना प्रभारी रमेश राय ने बताया कि घटना की शिकायत के बाद मनोज कुमार कंवर की रिपोर्ट पर मारपीट करने वालो के विरुद्ध धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कुछ आवश्यक प्रमाण पत्र मांगा गया है जिसके बाद इस मामले में कुछ अन्य धराएं भी जोड़ी जाएंगी।

## बलरामपुर जिला अस्पताल का मामला, एनेस्थीसिया व पैथोलॉजी विभाग में पदस्थ हैं डॉक्टर

# एक ही पद के लिए दो-दो चिकित्सक, डीएमएफ व एनएचएम मद से दे रहे वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिला चिकित्सालय में खनिज न्यास मद में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। जिला अस्पताल में निश्चेतना विशेषज्ञ व पैथोलॉजिस्ट पदस्थ होने के बाद भी वर्षों से दोनों पदों पर अतिरिक्त चिकित्सकों को रखकर उन्हें वेतन प्रदान किया जा रहा है। बड़ी बात यह है कि चिकित्सकों को डीएमएफ व एनएचएम मद से भुगतान किया जा रहा है जबकि शिकायत है कि पैथोलॉजिस्ट अस्पताल में हमेशा अनुपस्थित ही रहते है और अपना निजी पैथोलैब संचालित करते है। इस पूरे मामले में अस्पताल प्रबंधन उक्त मामले में उच्च अधिकारियों को अवगत कराने व अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक पर कार्रवाई करने की बात कह रहा है। बता दें कि बलरामपुर जिला चिकित्सालय में मरीजों को उपचार सुविधा प्रदान करने के नाम पर चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। इन चिकित्सकों को एनएचएम व डीएमएफ मद से वेतन का भुगतान कर अस्पताल की व्यवस्था संचालित की जा रही है लेकिन व्यवस्था संचालित करने की आड़ में कुछ ऐसे चिकित्सकों को भी नियुक्त कर लिया गया है जिन्हे बैठे बिठाए वेतन भुगतान कर शासन की राशि का दुरूपयोग किया जा रहा है। डीएमएफ व एनएचएम मद के दुरूपयोग का ऐसा ही एक मामला इन दिनों प्रकाश में आया है। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के रूप में डॉ. कृष्णा चैतन्य की नियुक्ति की गई है और डॉ. कृष्णा चैतन्य को अस्पताल प्रबंधन द्वारा वर्षों से डीएमएफ व एनएचएम मद से वेतन का भुगतान किया जा रहा है। वहीं अस्पताल में खनिज न्यास मद से पैथोलॉजिस्ट के रूप में डॉ. सौरभ गोयल की नियुक्ति की गई है लेकिन शिकायत है डॉ. गोयल अस्पताल में अनुपस्थित रहते है और अपना निजी ब्लड बैंक संचालित करते है। ऐसे में उनकी सेवाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल रहा है। जब इस मामले की पड़ताल की गई तो पता चला की डॉ. गोयल अस्पताल में उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करने भी नहीं आते है। इसके विपरीत जिला अस्पताल में डॉ. रूपक कुमार एनेस्थीसिया विशेषज्ञ के रूप में पहले से पदस्थ है जबकि डॉ. मोनीरा पैथोलॉजिस्ट के रूप में बांड के तहत काम कर रही है। अस्पताल में शासन द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सक होने के बाद भी अलग से डीएमएफ व एनएचएम से एक से डेढ़ लाख रुपए तक की सैलरी पा रहे है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो गए है।

### अन्य विभागों में विशेषज्ञों का अभाव

बताया जा रहा है कि अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए डीएमएफ व एनएचएम मद से भुगतान करते हुए चिकित्सकों की नियुक्ति की गई थी लेकिन जब शासन स्तर से चिकित्सक नियुक्त हो गए तो उक्त पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक अतिरिक्त हो गए और नियमतः ऐसे चिकित्सकों की सेवा समाप्त करनी चाहिए थी। वहीं दूसरी ओर अभी भी अस्पताल में कई विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सक की कमी है। ऐसे में एक ही विभाग में दो दो विशेषज्ञ चिकित्सक और कोई विभाग बिना किसी चिकित्सक के संचालित हो रहे है।

### कराया गया है उच्च अधिकारियों को अवगत

दो तीन वर्ष पूर्व उन चिकित्सकों की नियुक्ति की गई थी। उस वक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को देखते हुए डीएमएफ व एनएचएम मद से रखा गया था। हमारे पास निश्चेतना विशेषज्ञ व पैथोलॉजिस्ट उपलब्ध हो गए है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है और पुनः इसकी जानकारी दी जाएगी। फिलहाल ब्लड बैंक उनके नाम पर पंजीकृत है। चिकित्सक के अनुपस्थित रहने की शिकायत है और इसपर उन्हें नोटिस देकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. रामेश्वर शर्मा
सिविल सर्जन जिला अस्पताल बलरामपुर

9 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/9/2024 7:43 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### भोजपुरी

## माही का नया सॉन्ग राजा जी के तिलवा प दिलवा रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेत्री माही श्रीवास्तव उन अभिनेत्रियों में से हैं जो दिन पर दिन दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना रही हैं। माही भोजपुरी सिनेमा की राइजिंग स्टार हैं, जिनके गानों का उनके चाहने वालों को बेसब्री से इंतजार रहता है। वो जब भी किसी गाने में परफॉर्म करती है तो वो गाना यूट्यूब पर वायरल हो जाता है। उनकी अदाकारी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है। इसी बीच माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज हो गाय है। इस गाने के बोल 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी गाने 'राजा जी के तिलवा प दिलवा' को खुशी कक्कर ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। उनकी आवाज ने इस गाने में जान डाल दी है। वहीं, माही श्रीवास्तव के ठुमकों ने चार चांद लगा दिया है। इस गाने को वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के ऑफिसियल चैनल पर रिलीज किया गया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। गाना यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है। गाने में माही को एक लड़का पसंद आ जाता है, जिससे देखकर उनको उससे प्यार हो जाता है। गाने का फिल्मांकन बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया है। वही इसको लोकेशन के हिसाब से फिल्माया गया है।

### हालीवुड

## एरियाना का 7वें स्टूडियो एलबम का पहला सिंगल 12 को होगा आउट



**लॉस एंजेलिस।** एरियाना ग्रांडे, जिन्होंने हाल ही में पोस्ट किया था कि उन्होंने अपना लंबे समय से प्रतीक्षित सातवां स्टूडियो एलबम पूरा कर लिया है, ने घोषणा की कि इसका पहला सिंगल 12 जनवरी को आएगा। गाने का शीर्षक स्पष्ट रूप से 'यस, एंड?' है, जो ग्रांडे के 2019 अर्ध-आत्मकथात्मक एकल और एलबम, 'थैंक यू, नेक्स्ट' से एक चंचल प्रगति है। रिपोर्ट के अनुसार गायिका को हाल के वर्षों में कई हिट सिंगल्स में दिखाया गया है। विशेष रूप से वीकेंड के 'सेव योर टीयर्स' और 'डाई फॉर यू' के रीमिक्स - लेकिन उन्होंने कोई एलबम या एक भी रिलीज़ नहीं किया है। अक्टूबर 2020 में उनकी छठी पूर्ण-लंबाई, 'पोज़िशन' के रिलीज़ होने के बाद से उनके अपने नाम के तहत। वह यूनिवर्सल के हिट ब्रॉडवे म्यूजिकल 'विकेड' के बड़े स्क्रीन रूपांतरण पर कड़ी मेहनत कर रही है, जो नवंबर में आने वाला है और अधिक चुपचाप, वह लंबे समय के प्रबंधक स्कूटर ब्रौन के साथ भी अलग हो गई और अब उसकी जगह ब्रैंडन क्रीड (जो लोवाटो को संभालते हैं) ने ले ली है। पिछले साल इंस्टाग्राम पोस्ट की एक श्रृंखला से पता चला कि एरियाना लंबे समय से सहयोगी मैक्स मार्टिन और इल्या सलमानज़ादेह के साथ एल्बम नंबर 7 पर काम कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## 12 को बड़े पर्दे पर आएगी महेश बाबू की 'गुंटूर करम'



**हैदराबाद।** ऐक्टर महेश बाबू के फैंस का इंतजार खत्म हो गया है। एक्शन से भरपूर तेलुगु फिल्म 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। डायरेक्टर त्रिविक्रम श्रीनिवास और महेश बाबू की जोड़ी तीसरी बार 'गुंटूर करम' में साथ नजर आने वाली है। 'गुंटूर करम' का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शकों के दिलो-दिमाग पर छा गया है। फिल्म का ट्रेलर देखकर ही महेश बाबू के फैंस सीटियां बजाने पर मजबूर हो गए हैं।

गुंटूर करम के ट्रेलर को देखकर फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं चल पाता है। फिल्म में सुपरस्टार महेश बाबू 'रमन रेड्डी' का किरदार निभाते नजर आएंगे। जो सिस्टम के खिलाफ लोगों के अधिकारों के लिए लड़ती है, गुस्से में कड़ी कार्रवाई करती है, खुश होने पर नाचती है और सीटियां बजाती है। फिल्म में 'रमन' को एक्शन करते देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। फिल्म में राम्या कृष्णन एक ऐसी मां के किरदार में नजर आ रही हैं, जो अपने बेटे को अनाथ छोड़कर कहीं चली जाती है, लेकिन इसकी वजह क्या है? अब इन सभी सवालों का जवाब फिल्म 'गुंटूर करम' की रिलीज के बाद ही मिलेगा। सुपरस्टार महेश बाबू आखिरी बार फिल्म 'सरकारू वारी पाटा' में नजर आए थे। उसके बाद साल 2023 में उनकी कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हुई, यही वजह है कि महेश बाबू के फैंस काफी उत्साहित हैं। फिल्म 'गुंटूर करम' में महेश बाबू श्रीलीला के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। महेश बाबू और श्रीलीला की केमिस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म में महेश बाबू और श्रीलीला के अलावा मीनाक्षी चौधरी भी अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीतने वाली हैं। मीडिया में आ रही खबरों के मुताबिक, महेश बाबू की फिल्म 'गुंटूर करम' का मुकाबला रवि तेजा की फिल्म 'ईगल' से होगा। रवि तेजा की फिल्म भी मकर संक्रांति पर रिलीज होने वाली है। वहीं 'गुंटूर करम' 12 जनवरी को रिलीज होने जा रही है।

### लाइफ स्टाइल

### अपना फैशन स्टेटमेंट



"टीवी एक्ट्रेस सुरभि चंदना का फैशन सेंस कमाल का है। सुरभि साड़ी में जितनी खूबसूरत दिखती हैं, वेस्टन आउटफिट्स में भी उतनी ही सुंदर दिखती है। वेस्टन हो या ट्रेडिशनल लुक सुरभि पर हमेशा ग्लैमरस ही लगता है। सुरभि सोशल मीडिया पर अपने लुक्स की फोटो शेयर करती रहती हैं। सुरभि जिस तरह से कपड़ों को कैरी करती हैं, वो किसी भी अभिनेत्री को टक्कर देने वाला है।

## सोलो ट्रिप को बनाना है रोमांचक तो इन गलतियों को करने से बचें

नई दिल्ली। जिंदगी में हर काम कभी न कभी हम अकेले करते ही हैं। ऐसे ही अगर आपने भी पहली बार अकेले किसी ट्रिप पर जाने का फैसला लिया है, तो जाहिर है कि आपके मन में कुछ डर हो और कुछ सवाल भी हो। लेकिन एक बात तय है कि इन सबके बावजूद भी आपका पहला सोलो ट्रिप आपके लिए काफी रोमांचक और यादगार रहेगा। हालांकि, आपको अपनी ट्रिप पर कुछ बातों का ख्याल रखना चाहिए ताकि आपकी ट्रिप बर्बाद न हो। आइए जानते हैं, किन बातों का ख्याल रख, आप अपनी सोलो ट्रिप पर कुछ गलतियां करने से बच सकते हैं।

**ओवर पैकिंग न करें :** पहली बार अकेले ट्रिप पर जाने से पहले आप हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। इसलिए हो सकता हैं कि आप अपने साथ काफी सारी चीजें पैक कर लें, लेकिन ऐसा न करें। ज्यादा सामान पैक करने की वजह से आपको सामान उठाने में तकलीफ हो सकती है। इसलिए सिर्फ उतना ही समान पैक करें, जिसकी आपको जरूरत हो या जिसके बिना काम न चल सके।



**ओवर शेड्यूलिंग न करें :** ऐसा हो सकता है कि आप अपनी ट्रिप का एक भी मिनट बर्बाद करना न चाहें और इसलिए हर मिनट के लिए कुछ न कुछ प्लान कर लें, लेकिन ऐसा करने से आपकी ट्रिप का मजा किरकिरा हो सकता है। ऐसा हो सकता है कि आप किसी भी जगह जल्दबाजी की वजह से ठीक से एंजॉय न कर पाएं और आप काफी थक भी सकते हैं।

### अपने परिवार से संपर्क में रहे

बाहर घूमते समय हो सकता है कि आप सब कुछ खुद करना चाहे या इसे खुद के लिए चैलेंज की तरह देखें, लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए या किसी इमरजेंसी की स्थिति के लिए आप आपके किसी परिवार के सदस्य से संपर्क रहें ताकि अगर आप किसी मुसीबत में फसें तो मदद के लिए उनसे संपर्क कर सकें और अपना इटिनरी भी अपने परिवार के साथ शेयर करें।

### प्लान बी तैयार रखें

कई बार ऐसा हो सकता है कि आपका ट्रेवल का प्लान खराब हो जाए। कोई रिजर्वेशन कैंसल हो जाए या कोई जगह आपको पसंद न आए। इसलिए अपने ट्रिप के लिए एक प्लान बी जरूर तैयार करके चलें ताकि आपकी ट्रिप का मजा खराब न हो।

## बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए इन स्टाइलिंग टिप्स पर दें ध्यान

फैशन



**नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए कपड़े, लिपस्टिक के कलर, स्टोल लेने का तरीका, जींस की फिटिंग जैसी कई सारी चीज़ें बेहद मायने रखती हैं, लेकिन बहुत ही कम महिलाओं का ध्यान इस पर जाता है। यंग लुक पाने के चक्कर में वो कई ऐसी गलतियां करती हैं, जो उन्हें और ज्यादा बूढ़ा दिखाती हैं। कहने का मतलब है कि जैसे-जैस आपकी उम्र बढ़ती है आपको अपने स्टाइल पर भी थोड़ा ध्यान देने की जरूरत होती है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में, जो आपको करना है अवॉयड।

**लाइट लिपस्टिक चुनें :** लिपस्टिक मेकअप का बहुत ही जरूरी हिस्सा है, लेकिन बढ़ती उम्र में ग्रेसफुल नजर आने के लिए ब्राइट कलर की जगह लाइट कलर चुनें। पीच, ब्लश पिंक, न्यूड शेड्स अच्छे लगेंगे, लेकिन हां अगर आपके लिप्स बहुत पतले हैं, तो आप हल्के ब्राइट शेड्स चुन सकती हैं।



**हेयर कलर हो सही :** बढ़ती उम्र में सफेद बालों को छिपाने के लिए मेहंदी लगाने की जगह कोई हेयर कलर ट्राई करना चाहती हैं, तो बहुत डार्क कलर अवॉयड करें। क्योंकि इससे लुक बहुत ज्यादा ड्रामैटिक लगेगा। नेचुरल शेड्स के साथ एक्सपेरिमेंट करें। हेयर कलर करवाते समय अपनी स्किन टोन का भी ध्यान रखें।

**फिटेड जींस पहनें :** जैसे-जैसे उम्र बढ़ती जाती है स्किन लूज होने लगती है फिर चाहे वह चेहरे की हो या शरीर के किसी पार्ट की, तो इसके लिए फिटेड जींस चुनें। हिप्स एरिया फर्म दिखे।

**मेकअप का रखें ध्यान :** बढ़ती उम्र में स्किन अपनी नमी खोने लगती है, जिस वजह से वो बहुत ज्यादा ड्राई नजर आने लगती है। अगर आप वेडिंग या पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं, तो पाउडर मेकअप करना अवॉयड करें क्योंकि इससे स्किन और ज्यादा ड्राई नजर आएगी।।

## चांदनी वाइब्स: पश्मीना के सफेद लहंगा स्टाइल की सादगी ने किया आकर्षित

पश्मीना रोशन ने हाल ही में एक प्राचीन सफेद लहंगे में अपने घर से बाहर निकलते ही सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। उनके पहनावे ने उनकी शिष्टता को निखारा, जो फैशन के प्रति उनकी गहरी नजर को दर्शाता है। लुक को पूरा करने वाला एक प्यारा सा पर्स था, जिसने समग्र सौंदर्य में एक सुखद स्पर्श जोड़ा। चंचलता के संकेत के साथ परिष्कार को जोड़ने के लिए पश्मीना की आदत को प्रदर्शित किया। जो चीज़ वास्तव में पश्मीना को अलग करती थी, वह थी अतिसूक्ष्मवाद के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। सूक्ष्म और सावधानी से किए गए मेकअप के साथ, उन्होंने अपनी प्राकृतिक सुंदरता को अपनाया, यह बयान करते हुए कि कम वास्तव में अधिक है। उनके फैशन विकल्प न केवल सुंदरता दर्शाते हैं, बल्कि स्टाइल की लगातार विकसित हो रही दुनिया में सादगी अपनाने की प्रवृत्ति को भी प्रेरित करते हैं। पश्मीना रोशन हर सार्वजनिक उपस्थिति के साथ परंपरा और आधुनिकता का सहजता से मिश्रण करके फैशन प्रेरणा का प्रतीक बनी हुई है।



## मैट्रिमोनियल साइट्स से दूल्हा-दुल्हन ढूंढने से पहले इन बातों का रखें खास ख्याल

**नई दिल्ली।** एक समय था जब शादी के लिए लड़का या लड़की ढूंढना एक बड़ा काम होता था। कई महीनों की खोज के बाद, माता-पिता अपनी बेटी या बेटे के लिए उपयुक्त वर और वधू ढूंढ पाते थे, लेकिन समय के साथ कई चीजें बदल गई हैं और आज स्थिति ऐसी हो गई है कि एक क्लिक पर सैकड़ों लड़कियों और लड़कों की लाइन लग जाती है। वैसे तो एक क्लिक पर कई विकल्प मिल जाते हैं, लेकिन कई बार ये विकल्प गलत साबित हो जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप ऑनलाइन किसी मैट्रिमोनियल साइट्स के जरिए दूल्हा-दुल्हन की तलाश कर रहे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहने की जरूरत है।

आधुनिक युग में ऑनलाइन पोर्टल्स के माध्यम से शादी करना एक आम और सुगम विकल्प बन गया है। लेकिन इस प्रक्रिया में सुरक्षा और ध्यानपूर्वक चयन करना महत्वपूर्ण है। यदि आप ऑनलाइन पोर्टल की मदद से शादी करना चाहते हैं, तो इन बातों का खास ख्याल रखें।



**सुरक्षा का पहला महत्वपूर्ण कदम :** ऑनलाइन शादी के पोर्टल्स का चयन करते समय सुरक्षा को प्राथमिकता दें। जांचें कि पोर्टल आपकी व्यक्तिगत जानकारी को कैसे सुरक्षित रखता है और क्या वे आपके डेटा का दुरुपयोग नहीं करेंगे।

**प्रोफाइल विवरण में सच्चाई :** आपके प्रोफाइल विवरण में सच्चाई होना बहुत महत्वपूर्ण है. झूठी जानकारी से बचें, क्योंकि यह आपके साथी को गलत सिग्नल भेज सकता है और आपके बीच विश्वास को कमजोर कर सकता है।

**प्राथमिक मिलने का उपाय :** ऑनलाइन बातचीत और वीडियो कॉल्स के माध्यम से साथी को पहचानने का प्रयास करें पहले ही। यह आपको उनके साथ वास्तविक जीवन में एक सुरक्षित मिलने का मौका देगा और साथी की पहचान में मदद करेगा।

कार्नर न्यूज

### चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, तो अद्भुत नजारा देखने को मिलता है

## ठंड में देश के इन फेस्टिवल्स में हो शामिल मिलेगा जनवरी माह में गजब का आनंद

*नई दिल्ली। जनवरी माह में भारत में कई राज्यों में तरह-तरह के फेस्टिवल्स का आयोजन होता है। इसमें दुनियाभर से पर्यटक पहुंचते हैं। इसमें रण उत्सव तीन महीने तक चलने वाला बहुत ही शानदार फेस्टिवल है। इस फेस्टिवल में शामिल होकर आप गुजरात की रंग-बिरंगी संस्कृति को करीब से देख सकते हैं। फेस्टिवल में होने वाला गुजराती लोकनृत्य, संगीत बेहद खास होता है। अगर आप खाने के शौकीन हैं, तो यहां आकर आप गुजरात के लजीज जायकों का आनंद ले सकते हैं। पूर्णिमा के दौरान यहां घूमने की प्लानिंग सबसे बेस्ट रहेगी। चांद की रोशनी जब सफेद रेगिस्तान पर पड़ती है, जो एक अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यहां आकर टेंट में रूकने का मौका बिल्कुल भी मिस न करें। साथ ही यहां के खूबसूरत हैंडीक्रॉफ्ट्स की खरीददारी भी।*



### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल

हर साल जयपुर में जनवरी माह में लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसमें जाने-माने लेखक और स्पीकर्स हिस्सा लेते हैं। अगर आपको लिटरेचर में दिलचस्पी है, तो आपको इस फेस्टिवल में जरूर शामिल होना चाहिए क्योंकि यहां आपको कई लेखकों के अचीवमेंट्स, उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा।

### इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल

आसमान में ढेर सारी रंग-बिरंगी पतंगों को देखने भी गजब का एन्जॉयमेंट है। मकर सक्रांति के अवसर पर गुजरात में इंटरनेशनल काइट फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। जिसमें दुनियाभर के पतंगबाज पहुंचते हैं और अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। सुबह सूर्योदय से ये फेस्टिवल शुरू हो जाता है और सूर्यास्त तक चलता है। पतंगबाजी के अलावा इस फेस्टिवल में एरियल एक्रोबेट्स, पतंग बनाना, काइट पेंटिग जैसे और भी कई दूसरे मनोरंजक कॉम्पिटिशन होते हैं।

### बीकानेर कैमल फेस्टिवल

जनवरी में बीकानेर कैमल फेस्टिवल में भी पहुंचकर मस्ती कर सकते हैं। जहां ऊंटों की तरह-तरह से सजावट की जाती है। उनकी रेस होती है और उन्हें डांस करते हुए भी देखा जा सकता है। जो बहुत ही खास होता है। इसके साथ ही आग के साथ कलाबाजी करते हुए लोग और राजस्थानी लोक कलाकारों की परफॉर्मेंस भी देख सकते हैं।



### मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल

मद्रास म्यूजिक फेस्टिवल भारत का सबसे बड़ा म्यूजिक फेस्टिवल है। जहां म्यूजिक के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य और दूसरी कलाएं भी देखने का मौका मिलता है। भारत के कोने-कोने से कलाकार इस फेस्टिवल में हिस्सा लेने पहुंचते हैं, जिनकी परफॉर्मेंस समां बांध देती है।

### अराकू बैलून फेस्टिवल

आंध्रप्रदेश टूरिज्म द्वारा इस फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है। इसमें हॉट एयर बैलून राइड खास होता है। हॉट एयर बैलून राइड द्वारा आप यहां के खूबसूरत नजारों को देख सकते हैं। रात में कैंपिंग कर सकते हैं और कॉफी प्लांटेशन टूर भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर**। किराना मर्चेंट एसोसिएशन ने मंडी के कर्मचारियों पर व्यवसायिक वाहनों को चेकिंग के नाम पर तंग करने और अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है तथा कैट एवं चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री ने तत्काल उच्चाधिकारी को फोन कर किसी भी व्यापारी को जबरन परेशान नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी से यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की शिकायत मेरे पास नहीं आनी चाहिए मंत्री जी ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि कोई परेशान करता है तो उचित माध्यम से मुझे इसकी जानकारी दें। अब ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी तथा अवैध धान परिवहन, खरीद-फरोख पर कार्रवाई होगी। इस दौरान किराना मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव अश्विनीलाल गर्ग, छत्तीसगढ़ चैम्बर के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार अग्रवाल, कैट से रविन्द्र तिवारी और मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

### शिक्षकों को दिया गया अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण



**उदयपुर**। अंगना में शिक्षा का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें विकासखण्ड के सभी 31 संकुलों के 62 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में बीआरसी ने अंगना में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर श्रीमती सविता सिंह और शशि शर्मा ने शिक्षको से गतिविधियां कराई तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, अंको और शब्दो की समझ विकसित करने का तरीका बताया। इस दौरान कुर्सी दौड़ व नृत्य द्वारा कार्यक्रम रोचक बना सभी गतिविधि कराई गई। गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को अपने विद्यालय में पहुंचाने का प्रण लिया। सभी को ग्रुप बनाकर गतिविधि की जानकारी भेजने की सलाह दी गई।

### साई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई पोस्टर प्रदर्शनी



**अम्बिकापुर**। श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने मेरे नजरिये से विकसित भारत 2047 विषय पर पोस्टर बनाये। युवा के लिए युवा द्वारा बनने वाले विकसित भारत की तस्वीर विद्यार्थियों ने उकेरा। पोस्टर पर जहां एक ओर शिक्षा को सम्बल बनाया तो दूसरी ओर स्वस्थ भारत की तस्वीर प्रस्तुत की गई। डिजीटल भारत को दिखाते हुए विज्ञान और तकनीकी विरासत की कल्पना की गयी तथा जल-जंगल-जमीन को बचाने का संदेश दिया गया। आधी आबादी से ही दुनिया का लक्ष्य पूरा होता है। विकसित भारत में विकसित नारी का होना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने 2047 के विकसित भारत का नजरिया विद्यार्थियों के बीच साझा किया। प्रदर्शनी का संयोजन सहायक प्राध्यापक दीपक तिवारी ने किया।

### विवि इंजीनियरिंग कॉलेज को बनाया जाए सीआईटी

**अम्बिकापुर**। सरगुजा प्रवास के दौरान इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंप विवि इंजीनियरिंग कॉलेज को सीआईटी की मान्यता देने की मांग की। छात्रों ने बताया कि शासन द्वारा विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन वर्ष 2010 से किया जा रहा है। भाजपा के घोषणापत्र में सौ इंजीनियरिंग कॉलेजों को आईआईटी की तर्ज पर सीआईटी में विकसित करने का निर्णय लिया गया है। अत्यंत पिछड़े सरगुजा संभाग के एक मात्र इंजीनियरिंग कॉलेज को सीआईटी में विकसित करने पर यहां के युवाओं को स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने छात्रों को इस संबंध में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

### आए दिन होती है चोरी की घटनाएं, असामाजिक तत्वों का बना अड्डा

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर को लोगों ने बना दिया आम रास्ता



अस्पताल परिसर का अहाता तोड़ बनाया गया रास्ता।



दवा वितरण कक्ष में लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से आवागमन करने आम रास्ता बना देने से अब मरीज सहित परिजन की परेशानी बढ़ गई है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार रास्ता बंद करने की कोशिश की परंतु आसपास के लोग बनाए गए घेराव को न सिर्फ क्षतिग्रस्त कर देते है बल्कि पुनः आवागमन का मार्ग बना देते है। कुछ माह पूर्व ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा मार्ग को बंद कराया गया था परंतु मोहल्ले के लोगों ने घेराव को तोड़ आम रास्ता बना दिया जिससे अस्पताल परिसर में बाइक व चार पहिया वाहन के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- अस्पताल प्रबंधन कई बार कर चुका है रास्ता बंद

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हर रोज बड़ी संख्या में लोग उपचार कराने आते है जिनमें से अधिकांश मरीजों का अस्पताल में भर्ती किया जाता है जबकि कुछ लोगों को जांच उपरांत दवा का सेवन करने की सलाह चिकित्सकों द्वारा दी जाती है। अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों के दाखिल होते है ऐसे में मरीज के साथ परिजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए है। अस्पताल के वार्ड में मरीज व परिजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है परंतु अस्पताल परिजन में उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पताल परिसर में वैसे भी मरीज के परिजन की काफी भीड़ होती है वहीं अस्पताल के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों द्वारा अस्पताल परिसर को ही आने जाने का रास्ता बना देने से भीड़ और भी बढ़ जाती है। लोग अन्य मार्ग की भांति ही बाइक सहित चार पहिया वाहन अस्पताल परिसर से लेकर गुजरते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अस्पताल परिसर में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन द्वारा मार्ग को बंद कर अहाता का निर्माण कराया था। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों ने अहाता को तोड़ पुनः अस्पताल परिसर से रास्ता बना दिया है जो अब अस्पताल प्रबंधन के लिए सिर दर्द बन गई है।

#### आम रास्ता होना गलत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में विभिन्न उपकरण स्थापित की गई है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल की भूमि पर चारों ओर अहाता का निर्माण कराकर सुरक्षित करने का प्रयास किया है। परंतु अस्पताल के पीछे स्थित मोहल्ले के लोगों द्वारा अपने स्वार्थ के लिए अहाता को तोड़ आम रास्ता बना दिया है जो गलत है। लोगों का कहना है कि अस्पताल परिजन से रास्ता बनाना गलत है इससे न सिर्फ अस्पताल आने वाले लोगों को परेशानी होती है बल्कि परिसर में लगाए गए उपकरण भी असुरक्षित हो गए है।

#### बढ़ी चोरी की घटनाएं

अस्पताल परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्ड, सीसी टीवी कैमरा व पुलिस की व्यवस्था है। बावजूद इसके अस्पताल परिसर से बाइक, स्कूटी की चोरी के अलावा वार्ड से मरीज के परिजन के कीमती सामान की चोरी आए दिन होती रहती है। यहां तक तक अस्पताल परिजन से चोरों जनरेटर में लगे तार को भी चोरी कर ले जाते है। हालांकि शाम होते है आपातकालीन कक्ष जाने वाले मुख्य गेट को छोड़ बाकी दोनों गेट को बंद कर दिया जाता है परंतु अस्पताल के पीछे का रास्ता बंद नहीं होने के कारण इसका उपयोग असामाजिक तत्व व चोर करते है जो घटना को अंजाम देकर इसी मार्ग से भाग निकलता है।

#### हो सकती है दुर्घटना

अस्पताल प्रबंधन द्वारा पिछले माह ही दवा वितरण नए भवन में शुरू किया है। जिस जगह पर दवा वितरण कक्ष बनाया गया है ठीक उसी के पास से लोगों ने आने जाने का रास्ता बना दिया है। ऐसे में दवा वितरण कक्ष के सामने दवा लेने वाले परिजन की काफी भीड़ होती है। परिजन कतार में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते है जबकि रास्ते से बड़ी संख्या में लोग बाइक लेकर अस्पताल परिसर के दवा वितरण कक्ष के बगल के रास्ते से गुजरते है जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

#### होना चाहिए एक गेट

अस्पताल सुरक्षित हो इसके लिए अस्पताल में आने जाने के लिए एक गेट हो जिससे न सिर्फ परिसर सुरक्षित होगा बल्कि असामाजिक तत्वों पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। लोगों द्वारा बनाए गए रास्ता को बंद किया गया था लेकिन उसे तोड़ दिया जाता है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

## विधायक की उपस्थिति में विकसित भारत यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन निम्हा व खुटिया में विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में किया गया। शिविर में सुग्गा, शैला, कर्मा नृतकों ने पारंपरिक लोकनृत्य से विधायक का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक से अपने गांव की समस्याएं बताई। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार झूठ नहीं बोलती है। लोगों ने मुझे विधायक बनाया है जिसको पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा। भाजपा सरकार ने 21 क्विंटल एकड़ तथा 3100 रूपए की दर से धान खरीदी करने का वादा पूरा कर दिया है। शीघ्र ही धान के अंतरराशि का भुगतान लोगों को मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत हर घर की महिलाओं को जल्द एक हजार दिया जाएगा। इसके लिए फार्म भरवाने की प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश में 18 लाख आवास बनाने की घोषणा भी धरातल पर शुरू हो गया है। विधायक ने गौहानी के पण्डोपारा में पानी की सुविधा के लिए एक हैण्डपंप खनन कराने की घोषणा की तथा नरेगा से तालाब गहरीकरण कराने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। उन्होंने खुटिया मेन रोड से गौहानी तक सड़क बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद कमलभान सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास कर रहा है। गौहानीपारा में दो पण्डो परिवार के दो कुपोषित बच्चों को शिक्षक एवं शिक्षिका ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में गोद लिया। इस दौरान भाजपा नेता बृजकिशोर पाण्डेय, रामनारायण दुबे, दिनेश बारी, कामेंद्र राजवाड़े, मदन राजवाड़े, जनपद सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय, पंचायत इंस्पेक्टर अनिल वर्मा सहित अन्य अधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## बिजनेस प्लस

### फन एण्ड फिश वर्ल्ड में मछली की दुनिया देखने लग रही भारी भीड़

**अम्बिकापुर**। शहर के कलाकेन्द्र मैदान में चल रहे मेले में बने मछली की दुनिया देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ रही है जहा उन्हें रंग-बिरंगे देश-विदेश की विभिन्न प्रकार की मछलियों को एक साथ देखने का अवसर मिल रहा है साथ ही मेले में बने सेल्फी पाइंट भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। मेले में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग परिवार व बच्चों के साथ घूमने और मौज-मस्ती करने पहुंच रहे है। यहां सभी राज्यों के नई वैरायटी की वस्तुओं का स्टॉक काफी कम दामों में उपलब्ध हैं। मेले में घरों के सजावट के लिए आकर्षक सामान जैसे होम एम्लायसेंज, टेककोट के आइटम उपलब्ध है यहां आपको कश्मीरी साड़ी, हैण्डलूम वर्क साड़ी, जयपुर बेडशीट, लखनवी सूट, हैण्डलुम पर्दा, जुट बैग, पंजाब की जुती, हैदराबादी पर्स व ज्वेलरी, कानपुर के लेदर बेल्ट, अगरबत्ती, आयुर्वेदिक ऑयल सहित अन्य सामानों की लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की जा रही है, वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेकों प्रकार के झूले मौजूद हैं जिसका बच्चे भरपूर आनंद ले रहे हैं। फन एण्ड फिश वर्ल्ड मेले में आने वाले परिवार नमकीन, मथुरावासी चाट, भेलपुरी चाट, पिज्जा सहित अन्य खाद्य सामग्रियों का लुत्फ उठा रहे हैं।



# हम रहें या ना रहें, बौद्धिक सम्पदा रहेगी : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- पीजी कॉलेज में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर हुई कार्यशाला

बौद्धिक सम्पदा अधिकार एवं अनुसंधान विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का राजीव गांधी पीजी कॉलेज में किया गया। आईक्यूएसी सेल तथा विधि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट एण्ड इनोवेशन विषय पर आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. एसके त्रिपाठी ने कहा कि आज के युग में बौद्धिक संपदा का महत्व बहुत बढ़ गया है। यह ऐसी संपदा है जिसे हम अपनी आगे आने वाली पीढ़ी को सौंप सकते हैं क्योंकि हम रहें या ना रहें पर बौद्धिक सम्पदा हमेशा रहेगी। डॉ. रामकुमार मिश्र ने कहा कि बौद्धिक संपदा सबसे मूल्यवान संपत्ति है क्योंकि यह मानवीय विकास को गति देने वाले तकनीकी नवाचार को पुरस्कृत करती है। डॉ.रिजवान उल्ला ने कहा कि पेटेंट औद्योगिक डिजाइन कॉपीराइट ट्रेडमार्क तथा भागौलिक संकेतक ऐसे आयाम है जो बौद्धिक संपदा के प्रकारों में जाने जाते हैं। कार्यशाला के प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. राजू मांझी ने बौद्धिक सम्पदा अधिकार का प्रतिलिप्याधिकार के संदर्भ में व्याख्यान दिया। द्वतीय तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. सुधीर चतुर्वेदी ने गौगोलिक संकेत पर जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने किया पुष्प वाटिका का भ्रमण



**प्रतापपुर**। एजुकेशन एंड चैरिटेबल मैनेजमेंट द्वारा संचालित मॉडर्न कान्वेंट स्कूल द्वारा छात्र-छात्राओं को अंबिकापुर के पुष्प वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण करवाया। बच्चों ने पुष्प वाटिका में विभिन्न प्रकार के झूले व मनोहर दृश्य का आनंद लिया और वहां लगे पेड़ पौधे एवं फूलों के विषय में जानकारी ली। स्कूल के प्राचार्य पवन कुमार पाठक ने बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण का महत्व बताते हुए भविष्य में होने वाले अन्य भ्रमण संबंधी एवं शैक्षिक विचारों को व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन श्रीमती श्वेता सिंह ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण के लिए विद्यार्थी को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे उनकी ज्ञानवर्धक विकास हो सके।



### पार्षद के निधन पर नपं के पार्षदों कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**बिश्रामपुर**। नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय में मंगलवार को वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद स्व. गंगा प्रसाद रवि के आकस्मिक निधन पर निकाय के अध्यक्ष आशीष यादव की उपस्थिति में सीएमओ सुशील कुमार तिवारी, उपयंत्री तरंग मित्तल, पार्षद संजीत यादव, दीप्ति स्वाई, रविशंकर बउवा, विनोद पटेल, दिलीप सोनी, भाजयुमो जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता के अलावा निकाय के अरविंद यादव, रनदीप दास, अरविंद सोनी, परवेज खान, कृतिका महिला सहायता समूह, आम नागरिकों की उपस्थिति में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 13.01.2024 से 04.02.2024 डॉ. रितेश सिंह
दिनांक - 14.01.2024 रविवार डॉ.तुषार जैन | डॉ. नरेश देवांगन MBBS, MS, MCH Neurosurgeon (Brain & Spine Surgery)
गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जड़ से इलाज
L4 L5 नसों में दबाव, सुन्नपन, स्लिपडिस्क, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
9406004581 | 7869048102 | अग्रिम रजिस्ट्रेशन

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन M.B.B.S, M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
दिनांक - 14 जनवरी, 2024 दिन रविवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन न. 73542 60555

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Mo. No. 07774-22900, 8263814276, 9542344694, 9434062779

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा N.I.O.S./ CBSE समकक्ष पाठ्यक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में (माध्यम हिन्दी/ अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

न्यूरो ओ.पी.डी.
डॉ. हर्षित मिश्रा MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 जनवरी, 2024
07774-221101, 9407910331, 9488142243

मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

हृदय रोग ओपीडी
आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. एस.एस. पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9617247433, 9713667433

डॉ. अमरीन फिरदौसी BHMS, MSC Nutrition
होम्योपैथी विशेषज्ञ एवं आहार विशेषज्ञ
शालीमार कॉलोनी, नवापारा, महामाया मंदिर के पास, अंबिकापुर,
9179454786, 9753214959

## खबर संक्षेप

### हनगर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर व्यापक तैयारियां

**रामानुजगंज।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर नगर में भी व्यापक स्तर में तैयारी



बजरंग दल एवं विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा की जा रही है। बजरंग दल द्वारा इस दिन नगर के पांच प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना एवं स्क्रीन से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण की व्यवस्था की है। बजरंग दल एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा घर-घर में अयोध्या से अक्षत कलश का भी वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में बजरंग दल के जिला संयोजक जस्सू केसरी ने बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन नगर के प्राचीन राम मंदिर, हनुमान मंदिर,पहाड़ी माई मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर, हनुमान शिव मंदिर में विशेष सजावट की जा रही है। पूजा अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण स्क्रीन के माध्यम से किया जाएगा। श्री केसरी ने बताया कि जागरण के लिए रथ बनवाया गया है जो गांव-गांव तक पहुंचेगी। अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण नगर एवं गांव के सभी घरों में किया जा रहा है।

### युवक से 35 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

**बिश्रामपुर।** बिक्री के लिए अवैध शराब ले जा रहे एक युवक को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पकड़कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि करमपुर निवासी भोगल टोप्पो आत्मज सदर राम 40 वर्ष विक्रय करने के लिए शराब लेकर जा रहा था तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने इसको पकड़कर उसके कब्जे से 35 पाव अंग्रेजी शराब जप्त किया एवं गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। जप्त हुई शराब की कीमत करीब साढ़े तीन हजार रुपये बताई गई है।

### मंदिर से चोर ले उड़े दानपेटी, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने दानपेटी पार कर दिया। मंदिर के सचिव ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। गांधीनगर डेयरी फार्म समीप स्थित गौरी शंकर मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने मंदिर के अंदर रखे दानपेटी को चोरी कर ले गए। दान पेटी में लगभग 5 से 6 हजार रुपए होने की अंदेशा जताई गई है। घटना की जानकारी लगने पर मंदिर के सचिव रिटायर्ड फॉरेस्ट कर्मी श्यामादीन पाण्डेय ने गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर आरोपियों के तलाश शुरू कर दी है।

### बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** अजिरमा साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए युवक की बाइक को पार कर दिया। राजपुर रियाडांड निवासी संदीप तिर्की आ. दिल बंधु तिर्की (23 वर्ष) रविवार को चाचा जगदेव तिर्की के साथ साप्ताहिक बाजार अजिरमा खरीदारी करने गए थे। युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 सीके 2911 को बाजार के समीप सड़क किनारे खड़ा कर खरीदारी करने चले गए और कुछ समय बाद बाइक लेने पहुंचे तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## दबंग ने ननि की सड़क पर रातोंरात कर दिया अवैध निर्माण

# शहर के लिए अवैध अतिक्रमण बने बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ननि प्रशासन की लापरवाही एवं अमले की मिलीभगत के कारण शहरी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। अतिक्रमणकारियों की दबंगई के कारण अब सड़के एवं वार्डों की गलियां भी सुरक्षित नहीं है। दबंग अपनी सरकार होने का हवाला देकर गली की सड़कों पर अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर रहे हैं।

**खास बात**
- खानापूर्ति में उलझी निगम की उड़नदस्ता टीम

ननि द्वारा शहर के योजनाबद्ध विकास के लिए मास्टर प्लान को लागू किया गया है। आवास एवं व्यवसायिक प्रयोजन के निर्माण के लिए ननि से नक्शा स्वीकृत कराना आवश्यक किया गया है। पक्के निर्माण के लिए आवागमन, पानी निकासी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए खुली जगह छोड़ना आवश्यक है। शासन द्वारा जनसुविधा के लिए निर्धारित ये सारे नियम कागजों में सिमट कर रह गए हैं। दबंग शासन के निर्देशों को धता बताते हुए ननि द्वारा निर्मित सड़क व नाली को भी सुरक्षित नहीं छोड़ रहे हैं तथा सड़क पर कब्जा कर अवैध निर्माण कर रहे हैं। सुभाष नगर के घने आवासीय क्षेत्र में अंधाधुंध निर्माण चल रहा है। न तो लोग निर्माण के लिए ननि से नक्शा स्वीकृत कर रहे हैं न ही मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रख रहे हैं। सुभाषनगर के गली नंबर 2 में न्यू दिलीप कॉलोनी, प्रेमा कॅलोनी सहित अन्य कई कालोनियां हैं जहां बड़ी संख्या में बाहर के लोग निवासरत हैं। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों के भी घर है ननि द्वारा लोगों के आवागमन के लिए वर्षों पूर्व गली में सीसी सड़क एवं नाली का निर्माण किया गया है। गली के चौक पर एक दबंग ने सड़क पर ही पक्का निर्माण कर आवागमन बाधित कर दिया है। अतिक्रमणकारी ने पड़ोस की कॉलोनी के गेट से सटाकर रातोंरात पक्की दीवार खड़ी कर दी है। क्षेत्रवासियों ने अवैध अतिक्रमण की शिकायत ननि आयुक्त एवं उड़नदस्ता टीम प्रभारी से कई बार कर चुके हैं लेकिन ननि प्रशासन अतिक्रमणकारी की दबंगई के आगे लाचार बन गया है तथा अतिक्रमण हटाने की हिम्मत नहीं जुटा जा रहा है। शहर में अवैध अतिक्रमण का सिलसिला इसी तरह चलता रहा तो भविष्य में आगजनी जैसी गंभीर घटनाएं होने पर लोगों को सुरक्षित बचाना संभव नहीं हो सकेगा।



ननि की सड़क पर बना अवैध निर्माण।

**सुरक्षा निर्देशों की खुली अवहेलना**

जगह-जगह धड़ल्ले से चल रहे अवैध निर्माण के कारण सड़के एवं वार्डों की गलियां सिमटते जा रही हैं तथा कई घनी आबादी वाली गलियों में रिक्शा पहुंचना भी संभव नहीं है। ऐसे में कहीं आग लगने पर फायर बिग्रेड भी नहीं पहुंच सकती। किसी के गंभीर रूप से बीमार पड़ने पर एम्बुलेंस का पहुंचना भी संभव नहीं होगा। गंदे पानी की निकासी को लेकर भी लोगों में कोई चिंता नहीं है। ऐसे में अतिक्रमण प्रभावित सकरी नालियों में निवासरत लोगों की जान कभी भी खतरे में पड़ सकती है।

**औचित्यहीन उड़नदस्ता दल**

शहर में धड़ल्ले से चल रहे अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को देखते हुए ननि के उड़नदस्ता दल के औचित्य पर बड़ा सवाल उठ रहा है। ननि उड़नदस्ता दल पर हर महीने भारी भरकम राशि व्यय करता है। दल को वाहन भी उपलब्ध कराया गया है लेकिन उड़नदस्ता दल न तो अवैध निर्माण कराने वाले लोगों को नक्शा स्वीकृत कराने के लिए ही मजबूत कर पा रहा है न ही अवैध अतिक्रमण पर ही रोक लगा पा रहा है। टीम के लोग घूम-घूम कर अवैध वसूली करने में व्यस्त हैं। ननि प्रशासन भी कभी टीम के कार्यों की समीक्षा नहीं करता। पूर्व में उड़नदस्ता दल पर अवैध वसूली करने के कई आरोप लग चुके हैं। शिकायतें मिलने पर ननि टीम के सदस्यों को बदलने की खानापूर्ति करता रहा है।

**सदन तक सिमटे जनप्रतिनिधि**

ननि की आम सभा में अवैध अतिक्रमण का मुद्दा हमेशा सुर्खियों में रहता है इस मुद्दे को लेकर पक्ष-विपक्ष के बीच लम्बी बहस होती है। अंत में अतिक्रमण हटाने की सहमति भी बनती हैं। अतिक्रमण की शिकायत पर अधिकारी कार्रवाई करने की तैयारी करते है तो क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ही अतिक्रमणकारी की सिफारिश करने लगते हैं। ऐसे में अधिकारी-कर्मचारी भी शांत पड़े रहते हैं और ले-देकर मामले को निपटा देते हैं।

**तत्काल की जाएगी कार्रवाई**

अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाएगा।

-डॉ.अजय तिर्की
महापौर, ननि



# सरपंच, सचिव पर गबन का आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम पंचायत त्रिकुंडा में अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत तथा जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग है।

विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत त्रिकुंडा के ग्रामीणों ने सचिव, सरपंच और उपसरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। साथ ही मामले की शिकायत कलेक्टर और जनपद पंचायत सीईओ से करते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ग्राम पंचायत त्रिकुंडा के ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत वर्ष 2020 से 23 तक के बीच फर्जी मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी भरकर शासकीय मद के पैसों का गबन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से दो-दो हजार रुपए तक वसूले गए। पंचायत में वर्ष 2023 में छठ घाट निर्माण निर्माण के नाम पर राशि का बंदरबांट कर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर और जनपद पंचायत सीईओ को को ज्ञापन सौंपकर अनियमितता की जांच कराने तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

## सूर्योदय सुशासन के तहत दिव्यांगों को दी गई ई-रिक्शा व साइकिल

**रामानुजगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार के सिलसिले में जाने के दौरान अजय अग्रवाल ने दिव्यांग चंद्रिका राजवाड़े व आकाश राजवाड़े के दिव्यांग होने पर समाज कल्याण विभाग के डीके राय से दोनो को ई रिक्शा व साइकिल दिए जाने का आवेदन दिया था। आज सांसद प्रतिनिधि पंकज गुप्ता की उपस्थिति में आवेदक चंद्रिका राजवाड़े एवं आकाश राजवाड़े को सूर्योदय सुशासन के तहत समाज कल्याण विभाग के प्रभारी डीके राय द्वारा ई-रिक्शा एवं साइकिल प्रदान की गई। मोदी की गारंटी के तहत सभी पत्रों की जांच कर 80 प्रतिशत दिव्यांगों के लिए सुविधा प्रदान की जाती है। इस दौरान अजय अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, अमित गुप्ता, रंचित केडिया एवं विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



## 33 हाथियों ने दो घरों में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे 33 हाथियों का दल पिछले तीन दिनों पूर्व प्रतापपुर जंगल में पहुंच गया है। हाथियों के शहर से दूर जाने से क्षेत्रवासियों को काफी राहत मिली है। वर्तमान में हाथियों का दल खड़गवां बीट अंतर्गत बिलद्वार गुफा के पास मौजूद है। धान की फसल कटने के बाद हाथियों को मनचाहा भोजन नहीं मिल रहा है। जंगल में भी हाथियों के अनुकूल चारा उपलब्ध नहीं होने के कारण हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं तथा गन्ना की फसल को तबाह कर रहे हैं। हाथियों का दल खेतों में पहुंचते ही अलग-अलग क्षेत्र में फैल जाता है तथा पूरी रात फसल को तबाह करता है। दल में हाथियों की संख्या अधिक होने के कारण हाथी हर रात 10 एकड़ से अधिक फसल को नष्ट कर रहे हैं। बीती रात हाथियों का दल धान की खोज में पास की बस्ती में पहुंच गया तथा किनारे के घरों में तोड़-फोड़ मचाने लगा। हाथियों ने खड़गवां झीगापारा निवासी नारायण पिता लालसाय बरगाह एवं सुदर पिता गेंदा गोड़ के घर में तोड़फोड़ की तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। वन अधिकारी क्षेत्र में गन्ना की पर्याप्त फसल उपलब्ध होने के कारण हाथियों के इसी इलाके में भ्रमण करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



## 26 जनवरी को जनपद स्तरीय शासकीय कार्यक्रम रामानुजगंज मैदान में कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नगर के जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने 26 जनवरी के जनपद स्तरीय शासकीय कार्यक्रम पूर्व की भांति रामानुजगंज मैदान में कराए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि रामानुजगंज में 2019 से पूर्व जनपद स्तरीय 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का शासकीय कार्यक्रम बालक हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया जाता था किंतु उसके पश्चात तथा लॉकडाउन के दौरान से उक्त स्थल पर कार्यक्रम होना बंद हो गया था। इस संबंध में स्थानीय लोगों व प्रतिनिधियों की राय है कि जनपद स्तरीय समस्त शासकीय आयोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम बालक हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया जाए। कार्यक्रम में समस्त शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं की प्रभात फेरी पूर्व की भांति हाई स्कूल मैदान तक पहुंचे तथा सार्वजनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम उक्त स्थल पर ही संपन्न हो। इसके अलावा रामानुजगंज स्थित 12 वीं बटालियन के जवानों द्वारा हाई स्कूल मैदान में भी परेड का आयोजन की जाए जिससे वहां पर उपस्थित हजारों छात्र छात्राओं को इसका लाभ प्राप्त हो सके।



## ननि जल कार्य प्रभारी ने किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

**अम्बिकापुर।** नगर निगम जल कार्य प्रभारी द्वितेंद्र मिश्र ने आसन ग्रीष्म ऋतु से पूर्व पेयजल व्यवस्था को दुरूस्त रखने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा बैठक उपरांत तकिया फिल्टर प्लांट एवं एनिकट सम्पवेल का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ननि अमले को भविष्य में पेयजल समस्या न हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने 15वें वित्त से स्वीकृत पाइपलाइन विस्तार कार्य की प्रगति का अवलोकन किया तथा पाइपलाइन विस्तार के संबंध में अधिकारियों व ननि कमिश्नर को आवश्यकता वाले क्षेत्रों में पाइपलाइन विस्तार करने को कहा है। भ्रमण के दौरान उन्होंने नए कनेक्शन की कम संभावना वाले क्षेत्रों तथा दूर-दूर की बसाहट में पाइपलाइन विस्तार कार्य फिलहाल रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट ना हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाने अधिकारियों को निर्देशित किया।



## विधायक ने ली प्राचार्यों की बैठक, दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

विधायक रामकुमार टोप्पो ने जनपद के सभाकक्ष में विकास खंड अंतर्गत सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक ली। साथ ही स्कूल से संबंधित दिशा निर्देश दिए और लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। विधायक रामकुमार टोप्पो ने प्राचार्यों से कहा कि सभी स्कूलों में अनुशासन का ध्यान रखे। अनुशासन जीवन के लिए सबसे जरूरी है सभी विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर जीना सिखाए। विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन, चरित्रवान, संस्कार की शिक्षा दी जाए। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर प्राचार्यों से कहा कि अपने-अपने स्कूलों में नाबालिक छात्र-छात्राओं को दो पहिया से स्कूल नहीं आने तथा दो पहिया वाहन नहीं चलाने की हिदायत दे। साथ ही बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने हेतु कैरियर गाइडेंस की शिक्षा दी जाए ताकि बच्चे सही मार्गदर्शन प्राप्त कर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित हो सके। इसके अलावा सभी विद्यालय में सुझाव पेटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेस्पाल, बीआरसी महेश ठाकुर, अशोक गुप्ता, रज्जू राम, निशांत गुप्ता,अमित गुप्ता,सरोज गुप्ता उपस्थित थे।

- नाबालिकों को वाहन नहीं चलाने दिए निर्देश



# अवैध रेत उत्खनन रोकने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

क्षेत्र में चल रहे अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर शिवसेना के जिला अध्यक्ष प्रभु दास मानिकपुरी ने आज एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने विकासखंड अंतर्गत ग्राम करवां, गोपालपुर महान नदी में रात के समय उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। शिवसेना जिला अध्यक्ष ने बताया कि ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां, गोपालपुर, महान नदी से देर रात उत्खनन किया जा रहा है। इसके साथ ही रात 12-1 बजे के बाद ग्राम पंचायत ओकरा पतरापारा मार्ग से ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का परिवहन सरगुजा जिले के धौरपुर क्षेत्र में किया जाता है। देर रात होने वाले उत्खनन व परिवहन से वासियों एवं सड़क किनारे बसे घरों में रहने वाले व्यक्तियों को ट्रेक्टर के आवाज से परेशानी होती है। इसके साथ ही ओवर लोडिंग के कारण सड़कें खराब हो रही है। इसके साथ ही रात के समय अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है। नदी नालों से भारी मात्रा में रेत निकालकर दूसरे जिलों में परिवहन हो रहा है। उन्होंने रात के समय रेत उत्खनन व परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान राजेश्वर राम, अनुज कुमार, बलदेव नागेश व अन्य मौजूद थे।




# जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक बिना सूचना 9 दिनों से लापता, लेन-देन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक के बिना सूचना गायब होने के कारण कृषकों को राशि लेन-देन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाखा प्रबंधक की अनुपस्थिति में कृषकों को आवश्यकता के अनुरूप राशि नहीं मिल रही है। पिछले 9 दिनों से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की स्थानीय शाखा का संचालन कैशियर के भरोसे हो रहा है। शाखा प्रबंधक रामभरोस सिंह अधिकारी-कर्मचारियों को सूचना दिए बिना 1 जनवरी से लापता हैं। शाखा प्रबंधक के लापता होने के कारण बैंक के सारे कार्यों का संचालन कैशियर के भरोसे चल रहा है। कैशियर को मात्र 20 हजार रूपए का लेन-देन करने का अधिकार होने के कारण कृषकों को खाते में राशि उपलब्ध होने के बावजूद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। स्थिति से अनभिज्ञ लोग आवश्यकता के अनुसार राशि नहीं मिलने से भड़क जा रहे हैं बैंक में आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। कैशियर का कहना है कि उसे 20 हजार से अधिक लेन-देन करने का अधिकार नहीं है।

शाखा प्रबंधक के रहने पर लेनदेन में कोई समस्या नहीं होती। बैंक शाखा में इस तरह की स्थिति पहली बार निर्मित नहीं हुई है। इसके पूर्व भी कई बार शाखा प्रबंधक बिना सूचना लम्बे समय तक लापता रह चुके हैं। हालत यह है किसान न तो 20 हजार से अधिक का लेनदेन कर पा रहे हैं न ही इसके अधिक राशि का दूसरे खातों में अतरण। इस संबन्ध में बैंक के सीईओ सुनील वर्मा ने बताया कि शाखा प्रबंधक के बिना सूचना लापता होने की शिकायत मिली है। शाखा प्रबंधक को बुधवार की शाम तक उपस्थित होने की नोटिस दी गई है। निर्धारित समय पर उपस्थित नहीं होने पर शाखा प्रबंधक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही गुरूवार को अन्य अधिकारी को बैंक में पदस्थ किया जाएगा।






